



# नियमों का पालन कराने फील्ड पर उतरी पुलिस



## 15 दिन तक चलेगा अभियान, होगी चालानी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 8 सितम्बर, यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए विदिशा पुलिस मैदान में उतरी है. जो नियमों का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जाएगी. इस अभियान की शुरूआत सोमवार से हो चुकी है. यह अभियान 22 सितंबर तक चलेगा.**

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के पालन में एसपी रोहित काशवानी के निर्देश, एएसपी प्रशांत चौबे एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना यातायात प्रभारी के नेतृत्व में 15 दिन तक विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा है.इस अभियान का मकसद है कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें हो रही मृत्यु दर को नियंत्रित करना तथा आमजन में यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करना.

पुलिस वाहनों की जांच के साथ इन बिंदुओं पर कार्रवाई करेगी .तेज गति से वाहन चलाना. बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाना..नाबालिग द्वारा वाहन चलाना. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग. शराब पीकर वाहन चलाना. गलत दिशा से वाहन चलाना. ओवरलोडिंग वाहन चलाना. बिना रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व परमिट के वाहन चलाना. इस अभियान के अंतर्गत पुलिस बल द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा.

### बदमाशों को पैदल लेकर बाजार में निकली पुलिस,चाकूबाजी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



सोमवार को पुलिस ने दोनों थाना क्षेत्रों में बदमाशी करने वाले बदमाशों को पुलिस बाजार में पैदल लेकर निकली, जहां सिविल लाइन क्षेत्र के उन बदमाशों पर कार्यवाही की जो पिछले कुछ दिनों से इलाके में बदमाशी कर रहे थे. जो थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल थे. वहीं कोतवाली पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है.सविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों को जो थाने की गुण्डा लिस्ट में शामिल थे. उन पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने इलाके में पैदल घुमाया. सोमवार दोपहर को सिविल लाइन टीआई आके मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र में दर्ज आदतन पांच अपराधियों का गिरफ्तार किया गया था. इन आरोपियों पर पिछले कुछ समय से चाकूबाजी सहित अन्य मामलों के अपराध दर्ज हुए थे. वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र में गणेश उत्सव चल समारोह के दौरान रात में दो से तीन घटनाएं चाकू बाजी की घटित हुई थी. जिसमें कई लोग चोटिल हुए थे, कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी चोटी राइडर को उसी रात को गिरफ्तार कर लिया था. वहीं दो अन्य आरोपियों सुरेंद्र कुशवाह और हिमांशु कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया. कोतवाली टीआई आंनद राज ने बताया कि अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है.

# संगठन में दरार, हड़ताल के साथ ही पड़ी फूट

## संगठन में तकरार, जिला अध्यक्ष बोले हम साथ नहीं, बातचीत से हल हो सकती थीं समस्याएं



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 8 सितम्बर, मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ की हड़ताल शुरू होने के साथ ही विवादों में घिरती नजर आ रही है.जहां प्रदेश स्तर से जारी हुए आदेश के बाद हड़ताल शुरू हुई जिससे जिला अध्यक्ष ने किनारा कर लिया है.**

हड़ताल पर गए कर्मचारी अब उलझन में है कि अब उनको जिला अध्यक्ष का साथ नहीं मिलेगा,सोमवार को मध्य प्रदेश सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गए हैं. वहीं सहकारिता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कटारे ने इस हड़ताल को अनुचित बताया कटारे ने कहा कि बातचीत से समस्या को हल किया जा सकता था मैं हड़ताल में साथ नहीं हूं.जबकि संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में हजारों कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें प्रभारी प्रबंधक, प्रबंधक, लेखापाल, ऑपरेटर, लिपिक और चौकीदार शामिल हैं. ये सभी कर्मचारी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को संचालित करते हैं. जैसे कि उपार्जन का काम हो, खाद-बीज का वितरण, राशन बिक्री या कर्ज वसूली इन सबकी ज़िम्मेदारी इन्हीं कर्मचारियों पर होती है. इसके बावजूद शासन द्वारा अल्प वेतन दिया जा रहा है. संगठन का कहना है कि भोपाल स्तर से कई आदेश जारी होते हैं, लेकिन जिला स्तर पर उन्हें लागू नहीं किया जाता. हड़ताल की वजह से सहकारी संस्थाएं और उचित मूल्य की दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई हैं. इससे उपभोक्ताओं को राशन विक्रय और किसानों को खाद वितरण जैसी सेवाएं प्रभावित होंगी.

### आंदोलन समस्या का हल नहीं-राजेन्द्र कटारे

इस संबंध में राजेंद्र कटारे जिला अध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला विदिशा का कहना है कि आंदोलन किसी भी समस्या का हल नहीं है माननीय उपायुक्त महोदय से चर्चा अनुसार दोनों मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई और सकारात्मक जवाब मिला इसलिए मैं इस आंदोलन में शामिल नहीं हूं मैं बातचीत से समस्याओं को सुलझाने का पक्षधर हूं.

# चिकिन, बिरयानी खाई, बिल बना 224, चोरी की गाड़ी गिरवी रख हुआ फरार, पुलिस ने दबोचा

## पुलिस कर रही पूछताछ, दुकानदार तक पहुंची पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 8 सितम्बर, विदिशा के हाट बाजार खाई रोड से एक दिलचस्प मामला सामने आया है. जहां एक युवक ने नॉनबेज की दुकान से चिकिन, बिरियानी और भरपेट रोटी खाईं और जब पैसा देने की बारी आई तो युवन ने अपनी बाईक को दुकानदार के पास यह कहकर रख दी कि अभी पैसा नहीं है. दो घंटे बाद पैसा लाकर दूंगा और अपनी गाड़ी ले जाउगां. इसके बाद युवक वापस नहीं आया.**

सोमवार की सुबह पुलिस युवक को साथ लेकर दुकान संचालक के पास पहुंची और बताया कि यह बाईक चोरी की है. जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है. कोतवाली पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है. जिससे बाईक चोरी के मामले में खुलासा होने की आशंका जाहिर की जा रही है. कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. बताया गया कि रविवार की दोपहर को एक युवक खाई रोड स्थित इरफान मलिक की दुकान पर दोपहर के समय एक युवक ने खाना खाया जिसका बिल 224 रुपए बना युवक के पास पैसे नहीं थे जिसके चलते उसने होटल के संचालक इरफान मलिक से कहा कि पैसे नहीं है दो घंटे बाद पैसे देकर गाड़ी दुकान के सामने ही रखकर और बाइक की चाबी देकर गायब हो गया. रात तक युवक वापिस नहीं आया तो होटल संचालक ने बाइक को दुकान में रख दी. सोमवार को पुलिस उसी युवक को लेकर इरफान मलिक के पास पहुंची और बताया कि यह बाइक चोरी है. इस पूरे मामले में दूकानदार दिन भर कोतवाली के चक्कर लगाते रहे.वहीं कोतवाली टीआई आंनद राज का कहना है कि युवक से पूछताछ की जा रही है कि बाईक किसकी है.



# मानव अधिकार संरक्षण ने किया शिक्षकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,मानव अधिकार संरक्षण परिषद द्वारा मुख्यमंत्री राइस स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में अतुल शाह वरिष्ठ पत्रकार और समाज सेवी ने कहा कि पहले गुरुकुल हुआ करते थे आज स्कूल है श्रेष्ठ गुरुजनों का सम्मान करना भारत की संस्कृति रही है गुरु के सम्मान में शिष्यों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है.इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र यादव अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक ने की.सुभाष बोहत एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष मानव अधिकार संरक्षण परिषद ने कहा कि संस्था द्वारा 25 वर्षों से लगातार जिले के प्रत्येक स्कूल में जाकर मेघावी छात्र और शिक्षकों का सम्मान किया जाना हमारी परंपरा रही है.इसका उद्देश्य सभी का उत्साहवर्धन करना है.इस अवसर पर अरविंद श्रीवास्तव, प्रियंका किरार, हाजी नदीम जावेद खान, दीपक बाजपेई ,अरुण अवस्थी आदि उपस्थित थे और सभी ने अपने विचार व्यक्त किए.संस्था के उप प्राचार्य बलराम चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया.

# सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं पर टिप्पणी से हुए आहत

**खास बातें**

- राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो शिकायत करने पहुंचे कोतवाली
- नितिन सिरभैया की शिकायत पर एफआईआर दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं पर मोबाइल शॉप के संचालक जितेंद्र उर्फ जित्तू जैन पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर रहा था. जिसका विदिशा में कई लोगों द्वारा विरोध भी किया जा रहा था. जब यह मामला राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की जानकारी में आया तो वह इससे काफी आहत हुए और जितेंद्र उर्फ जित्तू जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए सोमवार की रात कई लोगों के साथ कोतवाली पहुंचे. जहां फरियादी नितिन सिरभैया द्वारा कोतवाली थाना प्रभारी को आवेदन देकर जितेंद्र उर्फ जित्तू जैन के खिलाफ एफआईआर की मांग की.इस मामले में कोतवाली टीआई आनंद राज ने बताया कि जितेंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है.बताया गया कि पिछले कई दिनों से जितेंद्र जैन हिंदू देवी देवता और सनातन हिंदू धर्म पर लगातार टिप्पणी कर रहा था. जिसकी एक बार पहले भी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी. जिसके बाद पुलिस ने जितेंद्र जैन को कोतवाली तलब भी किया था. जिसके बाद मामला सुलझ गया था. लेकिन इसके बाद फिर से जितेंद्र जैन सनातन धर्म पर टिप्पणी करता रहा.

# दिया जा रहा 3 बोरी डीएपी, जबरन थमा रहे नैनो यूरिया

## किसानों के बीच पहुंचकर खाद और यूरिया की समस्या के बारे में की चर्चा



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गुलाबगंज तहसील के ग्राम मेहरूखेड़ी में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में खाद विपणन सहकारी संस्था पहुंचकर खाद लेने के लिए लाइन में लगे किसानों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी. समिति प्रबंधक से बात कर समस्याओं से अवगत कराया.विनीत दांगी ने कहा कि किसान बहुत परेशान हो रहे हैं एक से तीन अधिकतम बोरी यूरिया, डीएपी दिया जा रहा है, साथ ही नैनो डीएपी, नैनो यूरिया जबरदस्ती दिया जा रहा है. हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि किसानों को परेशान न किया जाए अन्यथा हम किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाएंगे.साथ ही खाद की कालाबाजारी रोकने एवं मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के लापता के पोस्टर लगाए.

# गंगाजलि उठाकर सरपंचों ने शासन के निर्देशों का किया विरोध

**खास बातें**

- मांगें पूरी न होने पर दी हड़ताल की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सोमवार को सरपंच संगठन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम पंचायतों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पंचम वित्तीय राशि से शांतिधाम एवं अन्य निर्माण कार्य कराने के शासन निर्देशों का विरोध किया गया. सरपंचों का कहना था कि पंचायत निधि का उपयोग विकास कार्यों में होना चाहिए, शांतिधाम का निर्माण अन्य मद से कराया जाए. सरपंच संघ की जिला अध्यक्ष नीलम हेमंत राजपूत ने बताया कि बैठक में ग्राम पंचायतों में ग्रेवल सड़कों, शांतिधाम पहुंच मार्ग और खेत सड़कों के निर्माण न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई. सरपंचों ने चेतावनी दी कि यदि शासन ने शीघ्र स्वीकृति नहीं दी तो वे आंदोलन करेंगे. संगठन ने यह भी कहा कि पंचायतों के खिलाफ की जा रही 181 शिकायतों में से अधिकांश झूठी हैं, जिनका कोई समाधान नहीं हो रहा है. उल्टा पंचायतों पर दबाव बनाकर शिकायतें बंद कराने का प्रयास किया जा रहा है. सरपंचों ने मांग की कि आधारहीन शिकायतों को शासन स्तर पर ही समाप्त किया जाए.बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि समय रहते शासन ने सुधारात्मक कदम नहीं उठाए, तो जिले की सभी ग्राम पंचायतों के कार्य बंद कर सरपंच संगठन हड़ताल पर जाने को मजबूर होगा. इसके लिए सभी सरपंचो ने गंगाजलि उठाकर शपथ ली.

### मंत्रीजी झूठी घोषणा करके चले जाते हैं, किसान हमे घेर लेते हैं- जिला अध्यक्ष

श्रीमति राजपूत ने कहा कि विदिशा सांसद पूर्व सीमए शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि खेत सड़क योजना से सभी किसानों के खेत तह पहुंच मार्ग बनाए जाएंगे किसानों की आय दोगुनी होगी लेकिन हालात यह हैं कि दुर्भाग्य से सांसद निधि की राशि का ही सरपंचों को पता नहीं है. निधि राशि का क्या हुआ उसका पता ही नहीं चला. सांसद श्री चौहान यहां पर झूंठी घोषणाएं करके चले जाते हैं और किसान हमें घेर लेते हैं. अगर हालात नहीं सुधरे तो सांसद के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा.

# हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन के तहत हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सोमवार को मिशन वात्सल्य समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महिला एवं बालिकाओं को दी जाने वाली कानूनी और सामाजिक सहायताओं की जानकारी दी गई.

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोधा ने बताया कि एचईडब्लयू के तहत प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति ने 18 वर्ष तक के बच्चों को मिलने वाली सहायताओं पर प्रकाश डाला. समिति सदस्य चंद्रभान सिंह बघेल ने किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी, जबकि लक्ष्मी शर्मा ने एडॉप्शन प्रक्रिया और सुनीता दांगी ने नशा मुक्ति पर जोर दिया.सहायक संचालक विवेक शर्मा ने योजना के क्रियान्वयन के उद्देश्य बताए. अनुज जैन ने स्पॉन्सरशिप योजना और संतोष रघुवंशी ने बाल भिक्षावृत्ति व बाल श्रम पर चर्चा करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के प्रचार पर बल दिया.कार्यक्रम में जिले के परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# पोषण भी पढ़ाई भी, क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा का दायित्व महिला एवं बाल विकास विभाग को सौपा गया है.ईसीसीई के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है.जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पाठ पढ़ाया गया.प्रशिक्षण में गैर औपचारिक और पूर्व विद्यालय शिक्षा की गतिविधियों को स्थानीय खेल खिलौने और वस्तुओं से प्रदान करना सिखाया.

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा सीएम राइस स्कूल राजेंद्र नगर में 27 मार्च से 29 मार्च तक पोषण भी स्वास्थ्य भी अभियान के अंतर्गत क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें गंजबासौदा महिला एवं बाल विकास परियोजना 1 और 2 के समस्त सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बाल अवस्था देखभाल और शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया.जिसमें बुनियादी शिक्षा को समझ के साथ विकसित करने के उद्देश्य को लेकर वैज्ञानिक एवं रुचि पूर्ण तरीके से स्थानीय खेल, खिलौनों और वस्तुओं से सीखने का हुनर बताया.

**प्रतियोगिता** | **300 खिलाड़ी 60 ऑफिशल सहित 170 विभागीय कर्मचारियों ने की शिरकत**

# राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,जिले में खेलों का जुनून और उत्साह उस समय देखने को मिला जब स्प्रिंगफील्ड स्कूल के खेल प्रांगण में 69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के शुभारंभ का गवाह बना.इस भव्य आयोजन में प्रदेशभर से पहुंचे करीब 300 खिलाड़ी, 60 तकनीकी अधिकारी और 170 विभागीय कर्मचारियों ने शिरकत कर माहौल को और अधिक ऊर्जावान बना दिया.**





इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, प्राचार्य विनय अग्रवाल एवं नारायण स्कूल के प्राचार्य भरत यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे.अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की.इस अवसर पर स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया. प्रतियोगिता के दौरान मध्य प्रदेश का राज्य ध्वज फहराया गया. ध्वजारोहण का दायित्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने निभाया. वहीं खिलाड़ियों और कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ की घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने की.जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव के निर्देशानुसार मंच से प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष चतुर्वेदी ने सभी संभागों से आए जनरल मैनेजर और प्रशिक्षकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया.

# सीपीआर से लोगों की बच सकती है जान

## सैण्ट एसआरएस स्कूल में एम्स डॉक्टरों ने सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज.**

**गंजबासौदा, सोमवार को स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में एम्स भोपाल से आए डॉक्टरों ने बताया कि सीपीआर देकर कैसे लोगों की जान बचाई जा सकती है. उन्होंने व्यवहारिक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अगर कोई व्यक्ति अचानक बेहोश हो जाए या सड़क पर गिर जाए, तो सही समय पर सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है.**

मालूम हो कि भोपाल से आए डॉक्टरों के दल ने कार्यशाला के दौरान संेट एसआरएस विद्यालय के शिक्षकों को संस्था डायरेक्टर केएस यादव मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव की उपस्थिति में सीपीआर की ट्रेनिंग दी. इस दौरान चिकित्सक दल द्वारा लाए मानव के पुतलों पर सीपीआर देकर सीपीआर देने का अभ्यास कराया.एम्स भोपाल से आए डॉ गुरुदर्शन, एस. , डॉ सेथिल कुमारन. एस , अजय कुमार कटोच, , सौरभ राय, , संजीव कुमार कुशवाहा , विकास कृष्ण कुमार सोनी, विकास निवेदिया ने बताया कि आपातकाल की स्थिति में क्या-क्या करना चाहिए, उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति की जान बहुत कीमती होती है और सीपीआर एक ऐसा तरीका है जिससे किसी की भी जान बचाना संभव है. खासकर तब जब मेडिकल मदद पहुँचने में देर हो रही हो. अगर कोई व्यक्ति सड़क पर या किसी अन्य स्थान पर गिर जाए और सांस न ले रहा हो, तो सबसे पहले उसकी स्थिति की जांच करें, फिर तुरंत अस्पताल या एंबुलेंस को कॉल करें, अगर मदद आने में समय लग रहा है, तो आप खुद भी सीपीआर देकर उसकी जान बचाने की कोशिश कर सकते हैं.